कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 2728/11–सी–FP/UP/Approach/153494/2022, लखनऊ, दिनांकः मार्च 21 ,2025

सेवा में,

उप वन महानिदेशक(केन्द्रीय),
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र),
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– जनपद–देवरिया में भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 द्वारा देवरिया–कसया मार्ग, एस0एच0–79 के किमी0 नं0–15 से 16 के मध्य बांयी पटरी पर गाटा नं0–1034, ग्राम–सिरवनिया, तहसील व जिला–देवरिया में प्रस्तावित पेट्रोल पम्प स्थल से मुख्य मार्ग तक आवागमन में प्रभावित 0.071528 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक 03 वृक्षों के पातन की अनुमति के संबंध में।

संदर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यू0पी0/06/123/2023/एफ0सी0/540, दिनांक 12.03.2024 एवं प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया का पत्रांक–2185/2–6, दिनांक 17.03.2025

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। भारत सरकार के उपरोक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयगत प्रकरण में सैद्वान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। उक्त सैद्वान्तिक स्वीकृति में निहित शर्तों की अनुपालन आख्या प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया के उपरोक्त पत्रांक–2185/2–6, दिनांक 17.03.2025 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है तथा प्रकरण में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि एड–हॉक कैम्पा में ऑनलाइन e-payment portal के माध्यम से ई–चालान द्वारा जमा किया गया है।

अतः उक्त पत्र की छायाप्रति सहित बिन्दुवार अनुपालन आख्या ऑनलाइन ''परिवेश'' पोर्टल पर अपलोड कर इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया विषयगत प्रकरण में विधिवत स्वीकृति निर्गत करने की कृपा करें।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

21.03

(ललित कुमार वर्मा)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– 2728 /11–सी–FP/UP/Approach/153494/2022, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– प्रमुख सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को संलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर।
2. प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, देवरिया।
3. प्रादेशिक प्रबन्धक (रिटेल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0, गोरखपुर प्रादेशिक कार्यालय, बैतालपुर डिपों, देवरिया।

21.03

(ललित कुमार वर्मा)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।